14/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और बिहू जैसे फसल आधारित उत्सवों पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कामना की है कि, कृतज्ञता और समृद्धि के ये त्योहार हर घर में खुशहाली, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आएँ। मुख्यमंत्री ने कड़ी मेहनत, प्रकृति के साथ तालमेल और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में एकता की भावना को बढावा देने का आह्वान किया।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने परशुराम कुंड गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया, जिसमें आधुनिक सुविधाओं सहित आरामदायक रहने की जगह है, जिससे पवित्र तीर्थ स्थल पर आने वाले भक्तों एवं पर्यटकों के लिए सुविधा, सुरक्षा और अनुभव को बेहतर बनाएगा। उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर परशुराम कुंड मेले का भी उद्घाटन कर पवित्र परशुराम कुंड में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की।

0000000000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने पासीघाट के कॉलेज ऑफ़ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री में CHF R-ABI में एग्री-स्टार्टअप मीट और स्टार्टअप फंड वितरण समारोह का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि

RKVY इनक्यूबेशन सिस्टम के तहत, कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों में उनकी उद्यमी यात्रा को बढ़ावा देने के लिए चौबीस चुने हुए स्टार्टअप्स को ग्रांट-इन-एड दिया गया। जिसके तहत कुल 2.75 करोड़ रुपये वित्रित किए गए। श्री वांगसू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के युवा ग्रामीण अर्थव्यवस्था और नॉर्थ ईस्ट के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए इनोवेशन कर रहे हैं।

000000000000000000000000

ग्रामिण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ओजिङ तासिङ ने बोलेंग के DC कॉन्फ्रेंस हॉल में बेगिङ गांव के लोगों के साथ एक विकास बैठक में भाग लिया। बैठक में उन्होंने स्थानीय मुद्दों, विकास की प्राथमिकताओं और समुदाय की आकांक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कल्याण और बुनियादी ढांचा परियोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सहभागी शासन, पारदर्शी और विभागों के बीच तालमेल के महत्व पर ज़ोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने समावेशी, टिकाऊ और जन-केंद्रित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया, जो जमीनी स्तर के संस्थानों को मजबूत करते हुए समाज के हर वर्ग को लाभ सुनिश्चित करता है।

000000000000000000000000

आईटी और ई-गवर्नेंस परिषद, न्यामार कारबाक द्‌वारा वेस्ट सियांग जिले के काम्बा स्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विध्यालय में छात्रों और युवाओं के लिए दो AI और मशीन लर्निंग कोर्स, AI एक्सप्लोरर प्रोग्राम और AI जॉब रेडी प्रोग्राम का उद्‌घाटन किया। AI एक्सप्लोरर प्रोग्राम ग्रेड 6 से 12 के छात्रों के लिए पांच दिन का बूट कैंप है, जबकि AI जॉब रेडी प्रोग्राम कॉलेज के छात्रों और ग्रेजुएट्‌स के लिए साठ घंटे का एडवांस्ड कोर्स है, जो स्किल्स, टेक्नोलॉजी की जानकारी और करियर की तैयारी करवाता है।

0000000000000000000000000

तवांग ब्रिगेड ने भारत के पूर्व सैनिकों की निस्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान को सम्मान में तवांग युद्ध स्मारक पर वेटरन्स डे के अवसर पर एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने हिस्सा लिया, जिससे भारतीय सेना और उसके पूर्व सैनिकों के बीच मज़बूत संबंधों की पुष्टि हुई। इस अवसर पर ब्रिगेडियर भूपाल सिंह, SM, ने तवांग के सबसे वरिष्ठ पूर्व सैनिक कोंचो दोरजी लामा के साथ युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा, पूर्व सैनिकों को समाज में रिटायरमेंट के बाद उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अपने प्रेरणादायक अनुभव भी साझा किए। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत,

पूर्व सैनिकों की शिकायतों और चिंताओं को दूर करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर एक NAMAN रजिस्ट्रेशन काउंटर स्थापित किया गया।

000000000000000000000000

गजराज कोर के तहत बॉल ऑफ फायर डिवीजन के कामेंग हीलर्स ने तेङा में वेस्ट कामेंग जिले के पहले इंट्रा यूटेराइन इनसेमिनेशन सेंटर - IUI का उद्घाटन किया, जिससे जिले में आधुनिक फर्टिलिटी ट्रीटमेंट और बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं सुनिश्चित होंगी। कार्यक्रम में आधुनिक सुविधाओं से लैस डेंटल सेक्शन का भी उद्घाटन किया गया, जिससे स्पेशलाइज्ड सेवाओं को और मज़बूती मिलेगी।

000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के SDE विभाग ने जिला कौशल कमेटी के सहयोग से गवर्नमेंट ITI रोइंग में अपना पहला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना - PM-NAPS कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें युवाओं की रोज़गार क्षमता बढ़ाने में शिक्षुता और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के महत्व पर ज़ोर दिया गया। डिप्टी डायरेक्टर, DSDE ग्याति काचो ने स्किल डेवलपमेंट के ज़रिए विकसित भारत और विकसित अरुणाचल प्रदेश की दिशा में केंद्र और राज्य के सामूहिक प्रयासों पर ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम में टेक्सटाइल्स और हैंडीक्राफ्ट्स के डिप्टी डायरेक्टर आपाराङ पर्तिन, डिस्ट्रिक्ट स्किल कमेटी के सदस्य और अन्य

अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो क्षेत्रीय स्किल इकोसिस्टम को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000000

रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, DRL (DRDO) तेजपुर द्वारा अरुणाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ArSRLM) के साथ मिलकर 13 से 15 जनवरी तक कुरुंग कुमे जिले के अलग-अलग गांवों में एक प्रशिक्षण और कृषि-सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बड़े इलायची के लिए अच्छी कृषि पद्धतियां - GAP में आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रदर्शन पर आधारित इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में बीमारी प्रतिरोध, कटाई के बाद खराब रखरखाव और जलवायु प्रभाव जैसी मुख्य कमियों को दूर करके टिकाऊ, उच्च उपज वाली खेती पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

0000000000000000000000000